मैनुअल संख्या–13

अपने द्वारा अनुदत्त रियायतों, अनुज्ञा पत्रों या प्राधिकारों के प्राप्तिकर्ताओं की विशिष्टियां

सर्व शिक्षा अभियान जिला आधारित, विकेन्द्रीकृत स्थिति विशिष्ट आयोजन और कार्यान्वयन कार्यनीतियों के जरिये एक मिशन पद्धति से उत्तम स्तर की प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वजनीकरण करने की दिशा में एक पहल है। प्रारम्भिक शिक्षा कार्यक्रमों की आयोजना और आपूर्ति के सभी पक्षों में समुदाय की सक्रिय सहभागिता से सामाजिक और लैगिंक विषमताओं को पाटनें की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

9 वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान सर्व शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अधीन वित्तीय सहायता भारत सरकार और राज्य सरकारों के बीच 85:15 की साझेदारी में, 10 वीं योजना के दौरान 75:25 की साझेदारी में में और तद्न्तर 50:50 की साझेदारी में रही है। यद्यपि वर्तमान में वित्तीय सहायता भारत सरकार और राज्य सरकारों के बीच 65:35 की है।

सर्व शिक्षा अभियान पूर्णतः सहायतित कार्यक्रम है जिसमें रियायतों की कोई व्यवस्था नहीं है।